वर्ष- 21 अंक - 214 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, शनिवार 17 जनवरी 2026

## हरदा के स्कूल में खराब खाने को लेकर बवाल

**हरदा.एजेंसी।** हरदा जिले की रहट गांव तहसील मुख्यालय स्थित एकलव्य आवासीय स्कूल के करीब 400 विद्यार्थी आज तड़के पैदल चलकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे। इन छात्रों ने स्कूल में खराब खाने को लेकर बवाल किया।

# महाराष्ट्र के 'धुरंधर' बने देवेंद्र

## पहली बार मुंबई में भाजपा का मेयर, सत्ता की चाबी शिंदे के पास

मुंबई ● एजेंसी

**महाराष्ट्र में मुंबई सहित 29 नगर निगमों के चुनाव में भाजपा ने भगवा परचम लहराकर यहां ठाकरे परिवार के किले को ध्वस्त कर दिया। वहीं राकांपा और कांग्रेस का सूपड़ा भी साफ कर दिया। भाजपा को मिली इस शानदार सफलता से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र के धुरंधर बनकर उभरे हैं।**

मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) में पहली बार भाजपा का मेयर बनने जा रहा है। फडणवीस ने मेयर पद का दावा भी ठोंक दिया। मुंबई में भाजपा को बहुमत के आंकड़े 114 से 4 ज्यादा याने 118 वार्डों में जीत मिली है। इसमें भाजपा को 89 और शिंदे की शिवसेना की 29 सीट शामिल है। भाजपा गठबंधन को बहुमत जरूर मिल गया, लेकिन यहां सत्ता की चाबी शिंदे के पास रहेगी, क्योंकि अकेले भाजपा को यहां बहुमत नहीं मिला है। मुंबई में 25 साल से ठाकरे परिवार की शिवसेना का राज था जो अब भाजपा के हाथ में चला गया। इस चुनाव में उद्धव की शिवसेना को 65, राज ठाकरे की पार्टी मनसे को 6, कांग्रेस को 24, शरद पवार की राकांपा को 1, अजित पवार की राकांपा को 3, ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को 8 और सपा को 2 सीटें मिली हैं।




### 7 वोट से जीती कांग्रेस

मुंबई के संताक्रूज वार्ड 90 में कांग्रेस ने बीजेपी उम्मीदवार को महज 7 वोटों से चुनाव हरा दिया। जबकि मलाड वेस्ट के वार्ड 46 में बीजेपी ने रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की।

### विजयी प्रत्याशी पर हमला

अकोला में चुनाव परिणाम आने के बाद भाजपा के नवनिर्वाचित नगर सेवक शरद तुरकर पर चाकू से हमला किया गया। इसके बाद यहां पथराव और लाठीचार्ज भी हुआ।

### गवली की दोनों बेटियां हारीं

बीएमसी चुनाव में डॉन अरुण गवली की दोनों बेटियां चुनाव हार गईं। बीएमसी की तीन बार पार्षद रह चुकीं गीता वार्ड संख्या 212 से चुनाव हार गईं, जबकि उनकी बहन योगिता वार्ड संख्या 207 से हार गईं।



## अब विराट कोहली पहुंचे महाकाल भस्म आरती में हुए शामिल

**उज्जैन.एजेंसी।** इंदौर में कल भारत-न्यूजीलैंड के होने वाले मैच से पहले टीम इंडिया के खिलाड़ी विराट कोहली ने आज सुबह महाकाल मंदिर पहुंचकर महाकाल का आशीर्वाद लिया। कुलदीप यादव और फील्डिंग कोच टी दिलीप भी उनके साथ थे। विराट कोहली और कुलदीप यादव भस्म आरती में भी शामिल हुए। इन दोनों ने महाकाल के दर्शन कर विधिवत् पूजन किया। कोहली मंदिर के मुख्य प्रांगण में नंदी की मूर्ति के पास बैठे दिखे। उनके पीछे ही फील्डिंग कोच टी दिलीप भी थे।

## मोतिहारी में 33 फीट ऊंचे शिवलिंग की स्थापना आज

**मोतिहारी.एजेंसी।** बिहार के पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में स्थित विराट रामायण मंदिर परिसर में आज विश्व का सबसे ऊंचा शिवलिंग स्थापित किया जाएगा। यह शिवलिंग लगभग 33 फीट ऊंचा और 210 मीट्रिक टन वजन का है और इसे ग्रैनाइट पत्थर के एक ही सिंगल ब्लॉक से तैयार किया गया है। यह विशाल शिवलिंग 'सहस्त्रलिंगम' के रूप में जाना जाता है, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मोतिहारी पहुंचेंगे और पूजा-स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## ईरान में जारी हिंसा के बीच दिल्ली लौटे भारतीय नागरिक

नई दिल्ली ● एजेंसी

ईरान में पिछले 20 दिनों से प्रदर्शन और हिंसा का दौर चल रहा है। यहां बड़ी तादाद में भारतीय लोग भी फंसे हुए हैं। इन भारतीयों को सुरक्षित भारत लाने का काम शुरू हो गया। भारतीयों का पहला दस्ता कल रात दिल्ली पहुंचा जिनमें ज्यादातर छात्र हैं। इस दस्ते ने दिल्ली पहुंचकर अपनी सुरक्षित वापसी के लिए भारत सरकार का शुक्रिया अदा किया। इन लोगों को लेने के लिए इनके परिजन भी एयरपोर्ट पहुंचे थे।

### 3000 से ज्यादा मौत

ईरान की हिंसा में मरने वालों के अलग-अलग आंकड़े आ रहे हैं। अब एक्टिविस्ट्स ने दावा किया है कि ईरान में अब तक 3090 प्रदर्शनकारियों की मौत हो चुकी है और मुर्दाघरों में लाशों के ढेर लगे हैं।

## 10 करोड़ दो वरना मिट्टी में मिला देंगे

### सिंगर बी प्राक को जान से मारने की धमकी



**शनिवार.एजेंसी।** सिंगर बी प्राक को लॉरेंस गैंग की तरफ से जान से मरने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने दस करोड़ की फिरौती मांगी है। प्राक को धमकी देने वाले कॉलर ने अपना नाम आरजू बिश्नोई बताया। आरजू बिश्नोई जो लॉरेन्स बिश्नोई गैंग का है और विदेश में छिप कर बैठा है। उसने फोन पर धमकी देते हुए कहा कि हेलो आरजू बिश्नोई बोल रहा हूं, बी प्राक को मैसेज कर देना कि 10 करोड़ रुपये चाहिए, वरना जान से हाथ धोना पड़ेगा।

## हिंदुओं को वोट देना हराम मंदिरों को तोड़ दो

**ढाका.एजेंसी।** बांग्लादेश में 17 फरवरी को लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव से पहले बांग्लादेश में हिन्दुओं को टारगेट किया जा रहा है। यहां हिन्दुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। हिन्दुओं के घरों को भी जलाया जा रहा है। यहां के मौलाना वीडियो जारी कर हिन्दुओं के खिलाफ भड़काऊ बयान दे रहे हैं और कह रहे हैं कि हिन्दुओं को वोट देना हराम है। ज्ञात रहे कि इस चुनाव में कुछ हिन्दू नेता भी मैदान में हैं। एक नेता ने तो बांग्लादेश से मंदिरों को खत्म करने और मंदिरों को तोड़ने की बात भी कही है।

## शिमला-मनाली से भी ठंडा हो गया मंदसौर, दिल्ली में सुबह-सुबह छाया अंधेरा

**शनिवार.एजेंसी।** इंदौर में ठंड का असर कम हो गया, लेकिन मध्यप्रदेश के कई इलाकों में अभी भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मप्र के मंदसौर में कड़ाके की ठंड के कारण पारा 2.5 डिग्री तक पहुंच गया और यहां मनाली-शिमला से भी ज्यादा ठंड महसूस की गई। उधर दिल्ली-एनसीआर के अलावा उत्तरप्रदेश में भी घने कोहरे के कारण सुबह-सुबह रात जैसा अंधेरा छा गया। कोहरे के कारण कई उड़ानें और ट्रेनें भी लेट हो गईं।

## ठंड से बचने के लिए जलाई अंगीठी

### भाई-बहन की मौत, माता-पिता और भाई गंभीर

**मुरादाबाद.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के मुरादाबाद स्थित छजलैट में ठंड से बचने के लिए कमरे में जलाई अंगीठी एक परिवार के दो मासूमों के लिए काल बन गई। अंगीठी के धुएं से दम घुटने पर आहिल (4) और उसकी बहन आयरा (3) की मौत हो गई। बच्चों के माता-पिता और एक भाई की हालत गंभीर है।

## इंदौर के भागीरथपुरा दूषित जलकांड में राहुल की एंट्री

### दो पीड़ित परिवारों के घर पहुंचेंगे, अस्पताल भी जाएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी के कारण करीब दो दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग अस्पताल में भर्ती हैं। दूषित पानी के कारण हुई मौतों के बीच जब कैलाश विजयवर्गीय ने 'घंटा' शब्द का इस्तेमाल किया तो कांग्रेस ने इस भागीरथपुरा कांड को लपक लिया। कांग्रेस लगातार इस मुद्दे को लेकर भाजपा शासित नगर निगम और प्रदेश सरकार को घेर रही है। अब इसमें राहुल गांधी की भी एंट्री हो रही है। राहुल गांधी आज करीब 3 घंटे इंदौर में रहेंगे। वे भागीरथपुरा के पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। दो पीड़ितों के घर भी जाएंगे। अस्पताल जाकर उन लोगों का भी हाल जानेंगे जो पानी से बीमार हुए। -विस्तृत समाचार पृष्ठ 3 पर...




## मेंढर में मिला पाकिस्तानी गुब्बारा

**मेंढर.एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के मेंढर में पाकिस्तानी गुब्बारा मिलने से हड़कंप मच गया। जहाजनुमा गुब्बारे पर पीआईए लिखा हुआ था। चोकी सलवा गांव के कुछ लोगों ने खेतों में पाकिस्तानी जहाज नुमा गुब्बारा देखा। इसका एक हिस्सा फटा था। इसके बाद पुलिस ने गुब्बारे को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।


ब्रह्मलीन
युवा पार्षद
शिवम
के.के. यादव जी
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई
युवा पार्षद
बधाईकर्ता: यादव (अहिर) स्ट्रांग ग्रुप म.प्र.







# राहुल गांधी इंदौर पहुंचे

## इंदौर के नेताओं को विमानतल में नहीं मिली जगह

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी आज भागीरथपुरा में मृतक परिवारों और बीमारों से मिलने अस्पताल पहुंचने वाले हैं। राहुल गांधी का तीन घंटे का दौरा इंदौर में रहेगा। इंदौर विमानतल पर राहुल गांधी पहुंचे चुके हैं। राहुल गांधी के आने के समय इंदौर के कम ही लोगों को अन्दर विमानतल जाने का मौका मिला, इंदौर से सत्यनारायण पटेल, सज्जनसिंह वर्मा, शोभा ओझा और प्रदेश अध्यक्ष के नाते जीतू पटवारी स्वागत करने पहुंचे। 40 लोगों की सूची में नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उन्होंने अपने विधायकों को शामिल कराया। राष्ट्रीय पदाधिकारी भी शामिल है। वहीं दिग्विजय सिंह और उनके बेटे जयवर्धन सिंह भी अन्दर पहुंचे और राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल गांधी के वापस जाने के समय यह सूची बड़ी हो गई है, इसमें 63 लोगों को शामिल किया गया, जिसमें शहर-जिला अध्यक्ष के अलावा इंदौर के नेता और बड़ी संख्या में प्रदेश के विधायक भी शामिल है। सूत्रों का कहना है कि विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ताकत लगाकर 30 से अधिक विधायकों को राहुल गांधी के आने और जाने के नाम में शामिल कराया। कमलनाथ का नाम भी इस सूची में था लेकिन वे विदेश मे हैं वे नहीं आए, लेकिन उनकी जगह उनके पुत्र नकूल नाथ को जगह नहीं मिली।

### पटवारी करवाते रहे विमानतल में नेताओं को प्रवेश

जीतू पटवारी ने निर्धारित पहली सूची में शामिल 40 लोगों को अन्दर कराने की मशक्कत की, इसके लिए भी सुरक्षा घेरे ने सूची होने के बावजूद भी आसानी से प्रवेश नहीं दिया। कांग्रेस नेता और नेत्रियां अन्दर जाने के लिए काफी मशक्कत करते देखें गए। कांग्रेस ने राहुल गांधी के आगमन के दौरान अपने शहर और जिला के नेता और कार्यकर्ताओं को 10 बजे विमानतल पहुंचने के निर्देश दे दिए थे। बड़ी संख्या में कांग्रेसी पहुंच गए थे, लेकिन वे केवल राहुल गांधी की दूर से झलक देख पाए।

### राहुल गांधी 18 पीड़ित परिवारों से करेंगे मुलाकात

अमित चौरसिया ने बताया कि क्षेत्रीय रहवासियों में राहुल गांधी से मिलने की उत्सुकता भी नजर आई। राहुल गांधी आज कुल 18 मृतक के परिजनों से मिलेंगे, कांग्रेस राहुल गांधी को इन सभी के घरों में ले जाना चाहती थी, लेकिन प्रशासनिक स्वीकृति ना मिलने से 6 घरों में ले जाने के लिए अड़ी रही, लेकिन प्रशासन ने 2 ही परिवार में राहुल गांधी को जाने की इजाजत दी, बाकी 16 मृतक पीड़ित परिवारों से निर्धारित बगीचे में मुलाकात करेंगे। सुरक्षा की वजह से और जगह-जगह ड्रेनेज और नर्मदा लाइन की खुदाई होने की वजह से राहुल गांधी को सभी घरों में जाने की स्वीकृति नहीं मिली।

### 1-1 लाख के चेक तैयार

आज प्रदेश कांग्रेस द्वारा 1-1 लाख रु. के मृतक परिवारों को चेक लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथों वितरित किए जाएंगे। यह चेक कल कांग्रेस के हाथों में आ गए थे, जिसे आज जिम्मेदारों के हाथ में दे दिया गया है वे राहुल गांधी के हाथों यह चेक पीड़ितो को दिलवाएंगे।

## कांग्रेसियों के पोस्टर देखते हुए निकले राहुल गांधी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। विमानतल से जैसे ही बाहर राहुल गांधी आए वैसे ही कांग्रेसियों के हाथ में दिखे बैनर-पोस्टर भी उन्होंने देखें कांग्रेसी राहुल गांधी की झलक देख रहे थे। इन बैनर-पोस्टर में कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे का नारा भी लिखा था और पत्रकार के सामने जो शब्द बोला था उसका भी जिक्र पोस्टर में था।**





# आकाश विजयवर्गीय ने भागीरथपुरा में आधी रात को लगाई अपनी टीम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भागीरथपुरा में दूषित जल पीने से बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हुई और सैकड़ों लोग उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल भी हुए और मामला इंदौर और प्रदेश के साथ देश की सुर्खियों में भी बन गया। आज राहुल गांधी भागीरथपुरा पहुंच रहे हैं, इसके पहले मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा वाले भागीरथपुरा क्षेत्र में पूर्व विधायक और मंत्री के बेटे आकाश विजयवर्गीय ने अपनी देव से महादेव की टीम को कल शाम से देर रात तक भागीरथपुरा में लगाया।

***स्थानीय भाजपाइयों की जगह देव से महादेव से जुड़े लोगों को लगाया और बताया कि हम ही काम आएंगे***

महत्वपूर्ण बात यह रही कि विजयवर्गीय ने अपनी टीम की अलग-अलग टोलियां बनाई और टीम को निर्देशित कर अलग-अलग गलियों में अलग-अलग घरों के नम्बर वाले मकानों को चिह्नित कर सौंपे। भागीरथपुरा के भाजपाइयों के बजाए देव से महादेव की टीम पर इस महत्वपूर्ण मुद्दे के लिए लगाया। भागीरथपुरा के रहवासियों को यह भी इंडिगेट किया कि हमने क्षेत्र में काम किया है, राशन और राहत के चेक भी हमने ही पहुंचवाए है, हम आगे के सहयोग के लिए भी तैयार है। काम तो हम ही आएंगे। बकायदा देव से महादेव की टीम ने अपने नेता के निर्देशित एक-एक घरों पर पहुंचकर वहां बातचीत की, जिससे लोगों को सामान्य किया जा सके और राहुल गांधी के आने पर कोई भी विरोधाभास ना हो। अब देखना होगा कि पूर्व विधायक द्वारा लगाई गई टीम की बात का कितना असर होता है, क्योंकि राहुल गांधी थोड़ी ही देर में भागीरथपुरा पहुंचने वाले हैं।

# कांग्रेसी भी रात 3 बजे तक भागीरथपुरा में रहे मौजूद



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, उषा नायडू, चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, राजेश चौकसे, दीपू यादव, अमन बजाज, अमित चौरसिया, दीपक मलोरिया रानू सहित अन्य कांग्रेसी रात 3 बजे तक भागीरथपुरा में ही मौजूद रहे और यह सभी कांग्रेसी सुबह 7 बजे से फिर भागीरथपुरा पहुंच गए। आज सुबह फिर से कांग्रेसियों ने कमान संभाल ली। प्रभारी दीपू यादव भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। कल रात कांग्रेस पीड़ित परिवारों के साथ बैठे और उनसे चर्चा कर राहुल गांधी के आने की जानकारी दी।

राजनीतिक खबरें देखें पेज 5 पर भी

# नर्मदा जल सप्लाई की लाइन पर तो नहीं बने शहर के अन्य यूरिनल्स और शौचालय

## भागीरथपुरा कांड के बाद नगर निगम ने शुरू की शौचालय की जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**भागीरथपुरा कांड के बाद नगर निगम ने शहर में बने अन्य शौचालय एवं यूरिनल्स की जांच शुरू कर दी है जिसके तहत यह देखा जा रहा है कि नर्मदा पाइपलाइन से ड्रेनेज लाइन कितनी दूरी पर है इसके अलावा नर्मदा की जल वितरण लाइन पर यूरिनल्स और शौचालय तो नहीं बने हैं। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सभी जोन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपनी रिपोर्ट पेश करें।**

निगम आयुक्त ने कहा है कि पूरे शहर में यह जांच जाए की नर्मदा की लाइन किस रास्ते में है। ड्रेनेज की लाइन के लीकेज के कारण गंदा पानी शहर के किन क्षेत्रों में पहुंच रहा है सभी इंजीनियर नर्मदा जल सप्लाई के दौरान अपने वार्ड में भ्रमण करें और जिन क्षेत्रों में गंदा पानी सप्लाई होने की शिकायतें आ रही है वहां रहवासियों से चर्चा कर फीडबैक लेने साथ ही क्षेत्रीय पार्षद की भी इस काम में मदद ली जाए उनके द्वारा बताए गए विषय को गंभीरता के साथ दूर करें अगर उसमें कोई परेशानी हो तो अपने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी जाए लेकिन शहर में गंदे पानी की शिकायतें खत्म होने चाहिए।

बीते दिनों भागीरथपुरा कांड के बाद नर्मदा की जल सप्लाई मेन लाइन जिससे की पूरे भागीरथपुरा क्षेत्र में नर्मदा का पानी वितरित होता था। उसे पर शौचालय बना हुआ और नीचे नर्मदा लाइन में लीकेज भी मिला ऐसी स्थिति शहर में दूसरे अन्य शौचालय और यूरिनल्स में नहीं हो इसके लिए सतर्कता की आवश्यकता है यदि ऐसी स्थिति कहीं बन रही है तो उसके निराकरण के लिए काम किया जाएगा निगम आयुक्त सिंघल ने बताया कि नर्मदा पानी को लेकर नगर निगम सतर्कता बरत रहा है। शहर की सभी निचली बस्तियों में पानी के सेम्पल लेने एवं जांच का काम शुरू किया गया है। बस्तियों में यह देखा जा रहा है कि दूषित पानी सप्लाई तो नहीं हो रहा है। वर्तमान में पूरे शहर से लगभग 100 शिकायतें प्रतिदिन मिल रही है जिनका निराकरण तत्काल 72 घंटे में करने का प्रयास किया जा रहा है।

### नागरिकों से की चर्चा

अपने दौरे के दौरान निगम आयुक्त के द्वारा नागरिकों से चर्चा की गई। उन्होंने नागरिकों से पूछा कि आप लोगों को कोई और समस्या आ रही हो तो बताइए। नागरिकों के द्वारा यह शिकायत की गई कि आखिर कब तक हम पानी को उबालकर पंगे। हमें इस तरह का पानी सप्लाई किया जाए जिसको उबालने की जरूरत नहीं हो। इस पर आयुक्त के द्वारा कहा गया कि बहुत जल्द भागीरथपुरा में ऐसी स्थिति बन जाएगी।

---

# सराफा की चौपाटी की दुकानों को लेकर उलझन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। सराफा के बाजार में रात के समय पर लगने वाली चौपाटी को लेकर उलझन की स्थिति बन गई है। महापौर परिषद की बैठक में कल इस बाजार में 80 दुकानों को अनुमति देने का फैसला हुआ है।**

**महापौर परिषद की बैठक में 80 दुकानों को अनुमति देने का फैसला**

नगर निगम के द्वारा सराफा बाजार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात में लगने वाली चौपाटी की दुकानों को काम करने और उसमें भी इंदौर के परंपरागत व्यंजन के अलावा चाइनीस व्यंजन की जो दुकानें लगती है उन्हें हटाने की पहल की गई थी। इसके लिए निगम के द्वारा इस चौपाटी का सर्वे कराया गया था। इस सर्वे के आधार पर नगर निगम ने 69 दुकानों को ऐसा पाया गया कि जो कि कई सालों से लग रही है और उनमें परंपरागत व्यंजन दिए जा रहे हैं। निगम ने इन 69 दुकानों के संचालकों को दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा था। इसमें से 64 दुकानों के संचालकों के द्वारा अपने दस्तावेज प्रस्तुत किए गए हैं।

इसके साथ ही नगर निगम के समक्ष 28 दुकान संचालकों के द्वारा आवेदन लगाया गया है। इन लोगों का कहना है कि वह भी कई सालों से इस स्थान पर दुकान लगाते हुए आ रहे हैं ऐसे में उन्हें हटाया नहीं जाए और यहीं पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। इसमें से 10 दुकान संचालकों को नगर निगम द्वारा उचित पाया गया है। इस आधार पर निगम ने 74 दुकान संचालकों को अनुमति देने का फैसला लिया है। इसके साथ ही पुरानी दुकान में से जो पांच संचालक अभी तक दस्तावेज नहीं पेश कर सके हैं उनकी ओर से दस्तावेज आने पर उन्हें भी अनुमति देने का फैसला लिया है। इस तरह से अब सराफा की चौपाटी में 80 दुकान लगने की व्यवस्था हो रही है।

महापौर परिषद की कल आयोजित की गई बैठक में इस बारे में चर्चा की गई। इस बैठक में सभी सदस्य इस बात को लेकर एक मत थे कि इस बाजार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही हमें रात में लगने वाली चौपाटी को निरंतर रखना है। यह चौपाटी भी इंदौर की पहचान है। इंदौर में दूसरे शहरों से जो लोग आते हैं वह रात को सराफा बाजार में जाने में रुचि लेते हैं। ऐसे में हमें इस चौपाटी को एक अच्छी चौपाटी के रूप में विकसित करना है।

---

# भागीरथपुरा के काम को जल्दी पूरा करें

## हमें हर घर तक नल से पानी पहुंचाने की जल्दी है-आयुक्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**इंदौर नगर निगम के आयुक्त सिटी सिंघल ने कहा है कि भागीरथपुरा में चल रहे काम को जल्दी पूरा करें। हमें हर घर तक नल से पानी पहुंचाने की जल्दी है। इस कार्य को हमें सबसे ज्यादा प्राथमिकता से करना है।**

सिंघल द्वारा आज प्रातः भागीरथपुरा क्षेत्र के निरीक्षण करते हुए क्षेत्र में जलप्रदाय के संबंध में दिशा निर्देश दिये गये थे। सिंघल द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में सीवरेज एवं नर्मदा के लिए किए गए कार्यों का अवलोकन किया गया। चैंबर निर्माण कार्य एवं पाइपलाइन डालने के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शेष भाग में भी जलप्रदाय शुरू किया जा सकें।





सिंघल द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में सामान्य रूप से जल प्रदाय के पश्चात क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए बताया कि लगभग 30 प्रतिशत क्षेत्र जिसमें 15 हजार से अधिक आबादी निवासरत क्षेत्र में निगम द्वारा टंकी से जलप्रदाय किया जा रहा है। जलप्रदाय के साथ ही निगम की टीम द्वारा अलग-अलग बीट अनुसार क्षेत्रों में रेसिडुअल क्लोरीन प्राप्त हुआ है।

### नागरिकों से की चर्चा

अपने दौरे के दौरान निगम आयुक्त के द्वारा नागरिकों से चर्चा की गई। उन्होंने नागरिकों से पूछा कि आप लोगों को कोई और समस्या आ रही हो तो बताइए। नागरिकों के द्वारा यह शिकायत की गई कि आखिर कब तक हम पानी को उबालकर पीएं हमें इस तरह का पानी सप्लाई किया जाए जिसको उबालने की जरूरत नहीं हो। इस पर आयुक्त के द्वारा कहा गया कि बहुत जल्द भागीरथपुरा में ऐसी स्थिति बन जाएगी।

---

# महेश नगर में 20 दिनों से नहीं आया नर्मदा जल

*मैसेज डालो तब आता है पानी का टैंकर, वह भी देता है कम, लोग पीने का पानी ला रहे हैं दूसरी जगह से, कई लोग बोतल बंद पानी का क्रर रहे है उपयोग*

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पश्चिमी क्षेत्र की पॉश कालोनी महेश नगर की 9 गलियों के क़रीब 250 घरों के रहवासी इन दिनों जल समस्या से परेशान है। रहवासियों ने बताया कि विगत 20 दिनों से यहां नर्मदा का जल नहीं आ रहा है। इसके पीछे कारण यह बताया गया कि नर्मदा की पुरानी लाइन डली हुई थी और कुछ घरों से गंदे पानी की शिकायत आ रही थी इसीलिए पुरानी लाइन की जगह नई लाइन डाली जा रही है लेकिन इस लाइन को अभी जोड़ा नहीं गया है, जिससे 250 के करीब महेश नगर के घरों में इन दिनों जल संकट बना हुआ है। महेश नगर की 9 ही गलियों में पानी की लाइन के लिए सड़क खोदी गई थी वह भी ठीक नहीं हुई है और पानी भी नर्मदा का चालू नहीं हुआ है। इस मामले में यह जरूर है कि रहवासी जब भी मैसेज करते हैं उसके बाद पानी का टैंकर पहुचता है, उसके लिए मैसेज करना होता है और मैसेज के बाद जो पानी का टैंकर आता है वह भी पुराना है, जिसमें से अच्छा खासा पानी लीकेज होकर ढुल जाता है। इधर रहवासी इस टैंकर के पानी से जैसे-तैसे स्नान और घरों की सफाई और बर्तन मांझने व कपड़े धोने के काम में ले रहे हैं, पीने का पानी यहां के रहवासी दूसरी जगह से ला रहे हैं और कई लोग तो बोतल बंद पानी लाकर पीने के काम कर रहे हैं। कुछ लोग 20 लीटर की कैन दूसरी जगह से भरकर आरओ मशीन में डालकर काम चला रहे हैं। रहवासियों का कहना है कि इन दिनों हम बगीचों और गमलों में पानी नहीं डाल रहे हैं क्योंकि पानी की कमी है। कई बार कपड़े भी समय पर नहीं धुल रहे हैं। लाइन नर्मदा पानी की चालू हो जाए बस यही गुहार लगाई जा रही है। अगर और देरी हो तो टैंकर की संख्या बढ़ाई जाए क्योंकि टैंकर का चालक भी जितना पानी चाहिए उतना घरों में नहीं दे रहे हैं। पानी टैंकर से देने में भी कंजूसी की जा रही है।

---

# बीआरटीएस में बस स्टॉप के आसपास की रैलिंग हटाने का काम जारी

**निगम की टीम रात में चला रही है अभियान**

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। बीआरटीएस कॉरिडोर पर बने हुए बस स्टॉप के आसपास की रैलिंग हटाने का काम जारी है। इसके लिए नगर निगम की टीम रात के समय पर तोड़फोड़ का अभियान चला रही है।**

बीआरटीएस की रैलिंग तोड़ने का ठेका लेने वाला ठेकेदार तो काम छोड़कर भाग गया है। इसके बाद नगर निगम के द्वारा जो दूसरे ठेकेदार पकड़े गए उनके द्वारा भी काम करने में रुचि नहीं ली जा रही है। ऐसी स्थिति में नगर निगम के द्वारा अपने इंजीनियरों को लगाकर बीआरटीएस के कॉरिडोर में बने हुए 20 बस स्टॉप के आसपास की रैलिंग और बीम तोड़ने का काम किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से लगातार निगम की टीम के द्वारा रात के समय पर जेसीबी मशीन के माध्यम से रैलिंग निकालने का अभियान चलाया जा रहा है।

यह अभियान कल रात को भी जारी रहा। रात में निगम के अधिकारियों के द्वारा गीता भवन चौराहे के पास के बस स्टॉप के दोनों तरफ लगी हुई रैलिंग निकालने का काम किया गया। निगम के अधिकारियों का कहना है कि अगले कुछ दिन में सभी बस स्टॉप के आसपास की रेलिंग हटा दी जाएगी।

### बस स्टॉप बन गए सर दर्द

निगम के लिए इस कॉरिडोर में बने हुए बस स्टॉप को तुड़वाना सर दर्द बन गया है। अभी कोई ठेकेदार इस काम को करने के लिए तैयार नहीं है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में इस बारे में प्रस्तुत याचिका की 19 जनवरी को सुनवाई होने वाली है। इस सुनवाई के बाद है इस बात का फैसला होगा कि इन बस स्टाफ को किस तरह से टूटवाया जाए। यह भी संभव है कि नगर निगम के द्वारा खुद ही इस काम को अपने हाथ में ले लिया जाए। इसके साथ ही इस बात की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि निगम के द्वारा कोई शॉर्ट टर्म टेंडर जारी कर दिया जाए।

# महापौर ने कसा जीतू पटवारी पर तंज

## राहुल गांधी से भी पूछे प्रश्न, ताई के यहां जाने के बाद भाई भार्गव ने उठाए अक्ल सद्बुद्धि पर प्रश्न

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कल मीडिया से चर्चा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर तंज भी कसा और आरोप भी लगाए। वहीं लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी के आने को लेकर भी सवाल खड़े किए और कहा कि राहुल गांधी इतनी देरी बाद जागृत हुए और जहां-जहां कांग्रेस की सरकार है वहां भी भागीरथपुरा जैसी आपदा आई तो वहां कांग्रेस सरकार ने क्या किया। साथ ही महापौर ने नेताप्रतिपक्ष लोकसभा में होने के नाते राहुल गांधी से कई सवाल किए कि उन्होंने लोकसभा में मुद्दों पर किस तरह की बहस की। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन से कल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने कांग्रेसी साथियों के साथ ताई के मनीषपुरी निवास पर मिलने पहुंचे थे और उसी



के बाद महापौर ने मीडिया से चर्चा कर बयान भी दिया था और कहा कि जीतू पटवारी को अक्ल आ गई, सद्बुद्धि आ गई। महापौर ने यह भी कहा कि उनकी अक्ल कहां गई थी जब उन्होंने अपशब्दों का इस्तमाल किया था। महापौर ने यहां तक कहा कि पटवारी भाजपा के वरिष्ठ जिन्होंने सेवाएं दी उनसे मिलते रहे तो उन्हें बोलने की सद्बुद्धि आती रहेगी। पटवारी ने ताई से मुलाकात के बाद बाहर आकर कहा था कि यह समय बयानबाजी का और एक-दूसरे को अपशब्द कहने का समय नहीं है इसी पर महापौर ने पलटवार किया है और महापौर ने कहा कि हम पहले इसलिए चुप रहे कि हम काम करके बताना चाहते थे और हमने काम भी करवाया। जीतू पटवारी ने जिस तरह के शब्दों का इस्तमाल पूर्व में किया वह समय काम का था और अब पटवारी कह रहे हैं कि अपशब्द कहने का समय नहीं है।

# ताई ने कहा पटवारी अच्छा लड़का काम करने वाला है

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी कल पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के निवास पर पहुंचे थे। ताई ने अपने निवास पर आए पटवारी और अन्य कांग्रेसियों को बैठाया और उनका तिल-गुड़ से मुंह मीठा भी कराया। पटवारी और ताई के बीच चर्चा भी हुई। पटवारी के जाने के बाद ताई से मीडिया ने बात की तो ताई ने कहा जीतू पटवारी बीच-बीच में उनसे मिलने आते रहते हैं, वह अच्छा लड़का है और काम करने वाला है, वह अभी विपक्ष में है और अगर उनकी सोच मिलकर काम करने की है तो यह अच्छी पहल है। पटवारी ने कहा कि हम विपक्ष में हैं हम को जहां विरोध करना है विरोध करेंगे, इस पर ताई ने कहा कि हम भी विपक्ष में रहे तो विरोध करते थे। इस पर ताई ने कहा कि हमने हमेशा यही कहा है कि एकत्रित होकर बैठकर अगर समस्या का समाधान होता है तो वह अच्छी बात है। ताई ने कहा कि उनसे पटवारी ने मार्गदर्शन भी मांगा, इस पर ताई ने कहा



था कि इंदौर में कई सारी संस्थाएं है और उन संस्थाओं आईआईएम, आईटीआई, जीएसआईटीएस में अच्छे लोगों की नियुक्तियां है उनसे इस मामले में राय ली जाना चाहिए। कुल मिलाकर ताई की राय इंदौर हित में दिखाई दी और उन्होंने तालमेल की विपक्ष के काम करने के तरीके को भी ठीक बताया। पटवारी को भी ताई ने अच्छी राय दी।

# भार्गव ने स्वयं भागीरथपुरा के नल का पानी पिया

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा कल भागीरथपुरा क्षेत्र में जलप्रदाय की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं भ्रमण किया गया। इस दौरान महापौर भार्गव स्वयं भागीरथपुरा क्षेत्र में पहुँचे एवं नर्मदा जलप्रदाय के अंतर्गत नल से ग्लास में पानी भरकर स्वयं पीकर उसकी गुणवत्ता की जांच की।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि नगर निगम, जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र में विगत दिनों से लगातार राहत एवं सुधारात्मक कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें क्षेत्र के नागरिकों का



भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिवसों से क्षेत्र में जलप्रदाय कर निरंतर जल के सैम्पल लिए गए तथा सभी आवश्यक जांच एवं निर्धारित मापदंडों (पैरामीटर्स) के अनुरूप पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। महापौर भार्गव ने जानकारी दी कि सभी जांचों में जल सुरक्षित पाए जाने के पश्चात आज भागीरथपुरा क्षेत्र के लगभग 30 प्रतिशत हिस्से में, जिसमें लगभग 15 हजार की आबादी निवासरत है, नर्मदा जलप्रदाय को पुनः प्रारम्भ किया गया है। इस दौरान महापौर भार्गव द्वारा स्वयं नल से नर्मदा जल लेकर पीकर उसकी शुद्धता को देखा।

## राहुल गांधी के दौरे के पहले निरीक्षण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राहुल गांधी आज भागीरथपुरा के मृतकों के घर और अस्पताल में भर्ती पीडितों से मिलने पहुंचने वाले है। राहुल गांधी के निर्धारित दौरे वाले स्थल का मुआयना आरपीएफ और दिल्ली की टीम ने किया।





# संगठन मजबूती के लिए की चर्चा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद दिग्विजय सिंह कल इंदौर आए तो उनसे कांग्रेस नेता देवेन्द्रसिंह यादव ने प्रतिनिधि मंडल के साथ मुलाकात की, उनका स्वागत किया और संगठन मजबूती को लेकर रेसीडेंसी कोठी में चर्चा की। देवेन्द्रसिंह यादव, नासिर खान, कामरेड राजेश शर्मा, महेश गौहर, गोपाल यादव, राहुल निहोरे, नितिश भारद्वाज, सूरज गौहर सहित अन्य मौजूद थे।**

# राहुल गांधी को असली इन्दौर देखने का न्यौता

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्रमिक नेता राहुल निहोरे एवं महेश गौहर ने आज इन्दौर आ रहे राहुल गांधी से गुहार लगाई कि वे असली इन्दौर को देखे और योजनाबद्ध तरीके का दौरा वे नहीं करें। राहुल गांधी को श्रमिक बस्तियों में जाना चाहिए जहां पानी में जहर होता है और झोपडियों के आगे-पीछे नाले होते है इन झोपडियों के समीप मच्छर और जहरीले जीव होते है, जहां कोई जाता नहीं है, लोकसभा में विपक्ष नेता को यह सब देखना चाहिए। राहुल निहोरे ने बताया कि दलित बस्तियों में नशे का कारोबार बढ़ रहा है जो युवाओं का जीवन खराब कर रहे है और दूसरी तरफ भाजपा मार्केटिंग कर रही है, इन्दौर के मूल निवासियों के पूर्वजों ने मेहनत कर नाम रोशन किया वे ही आज परेशानी में हैं। इन्दौर को उद्योगों का शहर बोला जाता है, जहां बेरोजगार लोग घूम रहे है, भूमाफिया ने भी शहर की जनता को लूटा है, इसलिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को असली इन्दौर देखना चाहिए।

# सफाई कर्मचारी कामगारों की मांगों को लेकर दिग्विजय सिंह से बात

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सफाई कर्मचारी कामगारों की मांगों को लेकर यूनियन के पदाधिकारियों ने सांसद दिग्विजय सिंह से रेसीडेंसी कोठी पर मुलाकात की। दो दिन पूर्व कर्मचारी महेन्द्र जगदीश पथरोड की डिप्रेशन में मृत्यु पर भी चर्चा की। शवयात्रा नगर निगम तक भी पहुंची थी और वहां नारेबाजी भी हुई थी यह जानकारी भी दी गई। कामगार संघ के अलावा वाल्मीकि सेना, असंगठित कामगार, कांग्रेस के



पदाधिकारी भी मौजूद रहे। राहुल निहोरे, महेश गौहर, संतोष कल्याणे, राजेश धौलपुरे, पटेल राजेश मेवाती, सूरज गौहर उपस्थित थे।

# भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर्व पर आज दिगम्बर जैन लश्करी मंदिर गोराकुण्ड पर निर्वाण लाडू चढ़ाए। वीरेन्द्र बड़जात्या, योगेन्द्र लुहाड़िया , सोनू बड़जात्या, कमल जैन , भरत बड़जात्या, देवेन्द्र जैन, राजा पाटनी मौजूद थे। दिगम्बर जैन महावीर जिनालय राजमोहल्ला में भी आज सुबह निर्वाण लाडू चढ़ाए। इस अवसर पर नीलेश सेठी, शांतिलाल बाकलीवाल, सुनील जटाले, अंतिम जैन, पारस पाटोदी, अमित पाटनी, अजय पाटनी, राजेश गोधा, ललित बाकलीवाल, राजेश सेठी, निर्मल काला, अनूप किशोर जैन, हेमंत बड़जात्या, आशीष गोधा, प्रमिला, साधना सेठी, प्रमिला पाटनी, उषा बाकलीवाल, सपना पाटनी अंजु गंगवाल मौजूद थे। वहीं रेवती रेंज मंदिर पर भी निर्वाण लाडू मोक्ष दिवस पर चढ़ाए।



## मरिजों के परिजनों को फल वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था 'आनंद गोष्ठी' के पदाधिकारियों ने एम.वाय.हॉस्पिटल और चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय के बाहर मरिजों के परिजनों को फल का वितरण किया।

## क्षत्रिय मराठा समाजजनों ने किया पत्रिका का विमोचन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

क्षत्रिय मराठा सोशयल ग्रुप का दो दिवसीय अ.भा. रजत जयंती परिचय सम्मेलन आज और कल रविवार को गांधी हाल में आयोजित किया जा रहा है। आज शुभारम्भ हो ही रहा है। वहीं प्रतिभा सम्मान समारोह कल दोपहर 3 बजे से किया जाएगा। आयोजन के पूर्व कल शुक्रवार को खजराना गणेश बाबा के दरबार में मिलन पत्रिका का विमोचन क्षत्रिय मराठा समाजजनों की मौजूदगी में किया गया।



गिरीश चव्हाण, पूर्णिमा चव्हाण, वंदना चराटे, नमिता गरूड़, भारती गुंजाळ, संभाजीराव गुंजाळ, राजेन्द्र जाधव, विवेक कदम, विरेन्द्र पुणेकर, देव दिघे, संजय दिघे, सुधीर शालिय, विमलेश जाधव, दाक्षी चव्हाण मौजूद थे।

## ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में 412 मातृशक्तियों को लायसेंस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्य प्रदेश परिवहन शासन ने नंदानगर स्थित कनकेश्वरी देवी महाविद्यालय में महिलाओं और छात्राओं के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनाने का शिविर आयोजित किया। जिसमे 412 से ज्यादा छात्राओं और महिलाओं ने शिविर में भाग लेकर निशुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनवाया। चंद्रकांत कुंजिर, सुरजीतसिंह वालिया, करण कुंजीर, कालू गागोरे, अंकित चिंतामन, मिलिंद दिघेश्याम, सुंदर शर्मा, ओम पानेरी, धर्मेंद्र राय, भगवान प्रजापति, संतोष पवार, गौरव चौखंडे, किशन सक्सेना, लैविश राय ने शिविर में अपनी भूमिका निभाई। वहीं अधिकारी अर्चना मिश्रा, देवेन्द्रसिंह राठौर भी मौजूद थे।



## विहिप की तीन दिवसीय प्रांत बैठक



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विश्व हिंदू परिषद द्वारा तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक देपालपुर के रिसोर्ट में कल से शुरू हुई जो 18 जनवरी तक चलेगी। 29 जिलों से 200 से अधिक चयनित पदाधिकारी इस बैठक में सहभागिता कर रहे हैं। बैठक में अपेक्षित एवं आमंत्रित पदाधिकारी ही सम्मिलित हो रहे हैं।

## पालकी में विराजित हुए गजासीन शनिदेव, हुआ शनि यज्ञ

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम में चल रहे तीन दिवसीय स्थापना महोत्सव के द्वितीय दिवस शनि शांति यज्ञ का आयोजन कल सुबह किया गया। पूजन के बाद यज्ञ हवन का आयोजन भी हुआ, आहुतियां प्रदान की गई। शाम को पालकी यात्रा निकाली गई जो मंदिर से उषानगर क्षेत्र में निकली वापस मंदिर पहुंचकर महाआरती हुई। श्रद्धालुओं ने कीर्तन पर नृत्य किया। कवि सम्मेलन का आयोजन भी हुआ। आज सुबह फिर से यज्ञ शुरू हुआ। आज दोपहर पूर्णाहुति हो रही है, संतों का समागम भी हो रहा है, शाम को गुरुदेव का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।






## परमार ने मासूम के परिजनों को सौंपा ढाई लाख का चेक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अ.भा. बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार ने मकर संक्रांति 14 जनवरी को कार्यक्रम आयोजित कर वहां सभी से आग्रह किया था कि वे तीन वर्षीय मासूम बालिका अनिका के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग करें। उसी के बाद करीब ढाई लाख रु. का आर्थिक सहयोग एकत्रित हुआ था। इस मामले में मनोज परमार ने बताया कि इस सहयोग मामले में भिक्षुक, श्रमिक, मध्यम वर्गीय और कमजोर तबके के लोगों ने भी आर्थिक सहयोग किया। यह 2 लाख 51 हजार का चेक मनोज परमार ने अनिका के परिजनों को सौंपा।

## जैन विद्या सागर ग्रुप कल सुबह करेगा आयोजन

**इंदौर।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर द्वारा अमृत सेवा सप्ताह के अन्तर्गत कल रविवार की सुबह दृष्टिबाधितों के बीच सेवाकार्य दृष्टिहीन कल्याण संघ किला मैदान पर करेगा, जहां खाद्य सामग्री भी वितरित की जाएगी। संतीश जैन ने उक्त जानकारी दी।

## सरजू पारीण महिला समिति कल सुबह करेगी हल्दी-कंकू का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सरजू पारीण महिला समिति द्वारा कल रविवार 18 जनवरी की सुबह 10 बजे से पितृ पर्वत पर हल्दी-कंकू का आयोजन किया जाएगा। हनुमानजी के समक्ष परिजनों और समाजजनों की मंगल कामना भी की जाएगी। मातृशक्तियां परम्परागत प्राचीन खेलों का आयोजन भी करेंगी। आय-व्यय लेखों का वितरण भी होगा, पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा। आयोजन से रश्मि तिवारी, सरिता दुबे, संपदा मिश्रा, निर्मल पंकज पाण्डे, इन्दु पाण्डे सहित अन्य मातृशक्तियां जुड़ी हुई है।

## कुष्ठ रोगियों को भेंट की सामग्री

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** लायंस सिटी क्लब के दिनेश कृष्णप्रभा रणधर ने बताया कि कुष्ठ रोगी आश्रम पितृ पर्वत के समीप पहुंचकर वहां सेवाकार्य किया गया। प्रभा मानसिंगा, गीतिका अक्षय केडिया, रानी दीपक कचोलिया का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर एसपी नामदेव, रिंकी जयसिंघानी चुग, दीपक-दीपिका अग्रवाल भी इस सहयोग में मौजूद रहे।






# फैशन एवं बिजनेस पर एक्सपर्ट संगोष्ठी

## विद्यार्थियों को मिला इंडस्ट्री का व्यावहारिक मार्गदर्शन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी आईपीएस अकादमी द्वारा एक्सपर्ट संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निक्की जैन के मार्गदर्शन में हुआ। संगोष्ठी में फैशन डिजाइन एवं बीबीए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आमंत्रित उद्योग विशेषज्ञों ने फैशन इंडस्ट्री से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियों के साथ-साथ करियर और उद्यमिता के अवसरों पर प्रकाश डाला। इस तरह विद्यार्थियों को इंडस्ट्रीज का व्यवहारिक मार्गदर्शन भी मिला। पूजा मेहता, अंकुर फुमाकिया ने भी अपनी भूमिका निभाई।

# इलेक्ट्रीक वाहनों का उपयोग ज्यादा करें

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स इंदौर लोकल द्वारा एक निजी होटल में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वक्ता इंजीनियरों ने अलग-अलग उद्बोधन दिए। वर्तमान समय में कार्बन उत्सर्ज को कम करना या उसे पूरी तरह खत्म करना जरूरी है, इसके लिए नवकरणी ऊर्जा को बढ़ावा देने, इलेक्ट्रीक



वाहनों का अधिक से अधिक उपयोग करने की बात कही गई। जलवायु परिवर्तन को रोकने में डीकार्बनाइजेशन मददगार साबित होगा। डॉ. सुनील सोमानी, आरपी गौतम, मनीष डबकरा, दिनेश शुक्ला, गिरिश सोनी, वसंत अग्रवाल, रक्षा परोलकर, विनीत सिंह, गुंजन यादव, डॉ. नेहा गुप्ता, डॉ. सुनील अहिरवार ने अपनी भूमिका आयोजन में निभाई।

# गायों के हत्यारों के पुतले को फांसी और दहन का आयोजन कल शाम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राजधानी भोपाल में सैकड़ों गौ माताओ के हत्यारों को इंदौर राजवाड़ा पर प्रतीकात्मक फाँसी और पुतला दहन का आयोजन कल शाम 5 बजे शहर के हृदय स्थल पर अखिल भारत हिन्दू महासभा द्वारा किया जाएगा। इस दौरान यह भी मांग की जाएगी कि दोषियों पर रासुका के तहत कार्रवाई हो। यहां तक के अधिकारी, ठेकेदार और कर्मचारियों पर भी अपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए, इसकी जांच भी हो जिसमें हिन्दू महासभा के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएं।



# मेडिकल डायग्नोस्टिक्स डीलर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मेडिकल डायग्नोस्टिक्स डीलर्स एसोसिएशन की वार्षिक बैठक और इवेंट का आयोजन कल होटल में किया गया। इसमें नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन भी किया गया। इस दौरान पदाधिकारी, सदस्यगण एवं देशभर की लगभग 55 प्रमुख डायग्नोस्टिक कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अध्यक्ष-अजीत शिंदे, सचिव शिव सोनी, उपाध्यक्ष-अतुल कासलीवाल, सचिन शर्मा, उपसचिव-धर्मेंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष हितेंद्र बावेल एवं मेंटर सदस्य गिरीश सैनी, अभिलाख सिंह नरवरिया को चुना गया। सुशांत साहनी, दीपक कुमुद, हरि नायर, कमल कालरा, सुरेंद्र वर्मा मौजूद थे।

# भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ ने सौंपा ज्ञापन

## पुलिस अधिकारी को दिया गुलदस्ता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ द्वारा कल पलासिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को ऑटो चालकों की समस्याओं को लेकर पुलिस अधिकारी आनंद कलादगी को गुलदस्ता देकर ज्ञापन सौपा गया। सारी समस्याएं बताई गई। इस दौरान अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अनिल साहू, केशव शर्मा, इंदरसिंह चौहान, सुनील मेहता, रोहित कटारिया, संजय साहू, प्रकाश भांजिया, सुनील साहू, नानूराम, राजू चौहान, रामु पटेल मौजूद थे।



# माँ सरस्वती मंदिर में होगा पूजन, महायज्ञ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बसंत पंचमी पर तुलसी नगर के माँ सरस्वती मंदिर में 23 जनवरी को विशेष श्रृंगार अभिषेक, छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। मंदिर को रंग-रोगन कर विशेष रूप से श्रृंगारित किया जा रहा है। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचेंगे। महायज्ञ में आहुतियां भी दी जाएगी।

# उद्योगपति बोले-मत दो हमें पावर क्वालिटी मीटर की अनिवार्यता का बोझ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश प. क्षेत्र. विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उच्चदाब उपभोक्ताओं के लिए नियामक आयोग ने अनिवार्य किये गये पावर क्वालिटी मीटर संबंधित उद्योगों की जिज्ञासाओं एवं तकनीकी पहलूओं एवं जागरूकता पर चर्चा के लिए बैठक की गई। एसोसिएशन के बैनरतले हुए बैठक में उद्योगपतियों ने अपना पक्ष रखा और कहा कि इस नए क्वालिटी मीटर की अनिवार्यता का बोझ उद्योगों



पर नहीं डाला जाएं और इसका विरोध किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता ने अधिकारियों से कहा कि इस मीटर की 5 लाख रू. से अधिक की कीमत एवं अन्य जुडे खर्च इतने अधिक है कि छोटे उद्योग इस वित्तीय भार को वहन नहीं कर सकते है। दूसरा मीटर का खरीद खर्च, स्थापना व रखरखाव की व्यवस्थाएं भी उद्योगों के लिए भारी आर्थिक बोझ डालने वाला होगा। योगेश मेहता ने यह आपत्ती भी दर्ज की कि आयोग ने जिन दो कंपनियों को मीटर के लिए अधिकृत किया है वे दोनों विदेशी कंपनियां है जो आत्मनिर्भर भारत व प्रधानमंत्री जी के स्वदेशी को बढ़ावा देने की मंशा के सख्त खिलाफ है।

# जैन मंदिर में हुई चोरी के चोरो को पकड़ा जाए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इन्दौर जैन समाज से जुडे समाजिक कार्यकर्ता नीलेश सेठी ने दिगम्बर जैन मंदिर पाटनीपुरा मेनरोड पर मंदिर में हुई चोरी की घटना की निंदा करते हुए चोरो को शीघ्र पकडने की पुलिस प्रशासन से मांग की हैं। मेनरोड मंदिर मे चोरी होना जबकि वहां आवाजाही बनी रहती है पुलिस गश्त भी नहीं। इस चोरी की घटना से समाज मे रोष है। पुलिस प्रशासन शीघ्र चोरो को गिरफ्तार तक रात्रि गश्त तेज करे।

# ज्ञानसभा के आमंत्रण पत्र का विमोचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भारतीय ज्ञान परंपरा उपलब्धियां एवं योजनाएं समीक्षात्मक बैठक में वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय,निजी विश्विद्यालय विनियामक आयोग एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 28-29 जनवरी को आयोजित होने वाली ज्ञान सभा के आयोजन पत्रक का विमोचन किया गया। डॉ. अतुल कोठारी, डॉ. रमेशचंद्र भारद्वाज, अशोक कडेल, डॉ.खेमसिंह डेहरिया, डॉ. मनोज सिंह, डॉ. दिनेश दवे मौजूद थे।



# पूर्व विधायक ने किया विमोचन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा करीब 10 हजार नव वर्ष के कैलेन्डरो का पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने विमोचन किया। इस अवसर पर विनोद पटेल, मदन परमालिया, प्रीतेश राजु, अनुज भण्डारी, शांतिलाल मेड़ा आदि उपस्थित थे।



# शास्त्री का अभिनंदन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** याज्ञिक कल्याण दत्त शास्त्री का कल परशुराम महासबा महिला प्रकोष्ठ ने फतेहपुरिया धर्मशाला में अभिनंदन का आयोजन किया। शाकम्बरी देवी का दरबार भी सजाया, मंगल पाठ भी किया। भजनों पर नृत्य भी किया गया। कविता मिश्रा, संजय मिश्रा, पवनदास शर्मा, गोविंद शर्मा, कविता मिश्रा, मोनिका शर्मा, पूनम जी संजय शर्मा, शीतल शर्मा, दीपिका तिवारी, रिंकू तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



# भागीरथपुरा में डायरिया के 3 मरीज मिले

## ओपीडी में 88 मरीजों की जांच

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार सर्वे और जाँच का कार्य किया जा रहा है। अब तक 35421 घरों का सर्वे किया जा चुका है, जिसमें 164942 स्क्रीनिंग की गई है। क्षेत्र में 63081 ओ.आर.एस. पैकेट्स और 266400 जिंक टेबलेट्स का वितरण किया गया है। वर्तमान में अस्पतालों के वार्ड में कुल भर्ती मरीजों की संख्या 11 है, जिसमें से आईसीयू में कुल भर्ती मरीजों की संख्या 05 है। वहीं स्थिति सामान्य होने की बात भी हासानी ने बताई और कहा कि कल ओपीडी के 88 मरीजों में से मात्र 03 मरीज डायरिया के आए है, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया, किसी भी मरीज को रेफर नहीं किया गया। स्थिति अब सामान्य होने लगी है। कल अभियान स्वास्थ्यवर्धन के अंतर्गत भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में 23 दलों ने लार्वा सर्वे किया और 1312 घरों की जांच की और आवश्यक परामर्श और गतिविधियां की।

# क्रिकेट मैच के लिए देखी यातायात और पार्किंग व्यवस्था

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** यातायात पुलिस झोन 4 के उपायुक्त आनंद कलादगी और अधिकारियों ने होल्कर स्टेडियम में होने वाले मैच के पहले पूरी व्यवस्था को देखा और समझा। मैच की तैयारियों का जायजा भी लिया। पार्किंग कहां होगी, यातायात व्यवस्था कैसी रहेगी इस पर भी तैयारियां देखी।





# शक्ति महिला संघ का आयोजन

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** श्री शक्ति महिला संघ ने मातृशक्तियों के साथ हल्दी-कंकु का आयोजन किया। डिम्पल शर्मा ने बताया कि मातृशक्तियों को प्रतियोगी गेम भी खिलाए गए।

# दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के सहयोग से 'समकालीन कला साहित्य, संगीत एवं नृत्य का विज्ञान एवं समाज विज्ञान से अंतर्संबंध' विषय पर 16 और 17 जनवरी को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया ज़ा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. श्रीवास्तव के संरक्षण, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. वी.पी. बैरागी के मार्गदर्शन और चित्रकला विभाग एवं आईक्यूएसी विभाग द्वारा किया गया। कैनवास पर सभी अतिथियों द्वारा पेंटिंग बनाकर किया गया। डॉ. कुमकुम भारद्वाज, डॉ. सुधीर कुमार छारी, डॉ. दीपक सालवी, डॉ, कनुप्रिया, डॉ. मिनाक्षी स्वामी, डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. भावना ग्रोवर, देवाशीष चक्रवर्ती, देवादित्य चक्रवर्ती, ड़ॉ. देवेन्द्र कमरे, डॉ. निधि गुप्ता ने अपनी भूमिका निभाई।

# दूषित पानी पीने से नहीं हुई सुभद्रादेवी की मृत्यु

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि भागीरथपुरा में 75 वर्षीय महिला सुभद्राबाई पति वसंतराव पंवार की मृत्यु उल्टी-दस्त से नहीं हुई है। जिसकी पुष्टि मेट्रो अस्पताल प्रबंधन ने भी स्वास्थ्य अधिकारी से की है। अधिकारी डॉ. हासानी के मुताबिक उन्हें मृतका के पुत्र डॉ. सतीश पंवार ने भी जानकारी दी कि उनकी माता को पूर्व से हृदय रोग था तथा सीने में दर्द की शिकायत के साथ उन्हें भर्ती कराया गया था और उनकी मृत्यु दूषित पानी पीने से नहीं हुई है।

# कसरावद केन्द्रीय विद्यालय में सेमिनार आयोजित



**खरगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भारत पर्यटन इंदौर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा केंद्रीय विद्यालय कस-रावद के युवा टूरिज्म क्लब के विद्यार्थियों एवं अन्य विद्यार्थियों को पर्यटन के महत्व एवं पर्यटन में केरियर बनाने एवं भारत सरकार की पर्यटन योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय कसरवाद के लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पर्यटन विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए।

# सुबह स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुति दी तो आज शाम संगीत संध्या

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** सामाजिक संस्था सेवा सुरभि और जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर पालिक निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण की सहभागिता में 'झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान' के तहत कल जहां मार्च पास्ट का आयोजन हुआ था। वहीं स्कूली छात्रों ने अनाम शहीदों को पुष्पांजलि अर्पण की थी। सुबह स्कूली विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि के बाद आज शाम 6.45 से पुणे के कलाकारों द्वारा 'भारत हमको जान से प्यारा है' संगीत संध्या होगी।



# माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए प्रवेश पत्र

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकंडरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) परीक्षा वर्ष 2026 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गये हैं। परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र मंडल की आधिकारिक वेबसाइट https://mpbse.mponline.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

# खरगोन जिले के 260 घरों को 24 घंटे लाइट

**खरगोन (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी क्षेत्र में रिवेम्प्ड डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर स्कीम आरडीएसएस अंतर्गत खरगोन जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में अत्यंत दूरस्थ वनवासी क्षेत्र समेत मालवा नि-माड़ में उन घरों को रोशनी उपलब्ध कराई गई, जो घर मूल गांवों से दो से तीन किमी दूर की मजरे, टोले की बसाहट वाले थे। पिछले सवा तीन माह में खरगोन जिले में अत्यंत दूरस्थ बसे 260 घरों को चौबीस घंटे की लाइन वाली रोशनी प्रदान की गई है। खरगोन जिले के बिस्टान बिजली वितरण केंद्र के रससांगली नीम फलिया में उपभोक्ता सिलदार तुलिया डुडवे का घर शुक्रवार को रोशन किया। घर के पास नया ट्रांसफार्मर, केबल, मीटर लगाया गया है। एमडी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पिछले सवा तीन माह के दौरान अभियान चलाकर दूरदराज के मजरे, टोले में दो चार घर होने पर भी नए ट्रांसफार्मर, तार, पोल स्थापित कर बिजली प्रदान की गई है। वनवासी बहुल टोले, फलिए मजरों को बिजली कार्मिकों द्वारा ट्रेक्टरों, बैलगाड़ियों से पोल, तार, केबल भेजकर रोशन किया जा रहा है। प्रतिदिन तलहटी, पहाड़ों से तार, केबल, पोल लाने ले जाने का कार्य कर वनवासी घरों तक बिजली पहुंचाई जा रही हैं। सवा तीन माह के दौरान एक हजार दस घरों में रोशनी पहुंचाई गई है, ये घर मूल बसाहट, आबादी, गांवों से दूर स्थित थे। प्रबंध निदेशक सिंह ने बताया कि रतलाम जिले में 68, उज्जैन जिले में 52, मंदसौर में 15, नीमच में 25, शाजापुर में 8 दूरस्थ घरों तक बिजली पहुंचाई गई है। इसी तरह बुरहानपुर में 58, धार में 112, खंडवा में 71, आलीराजपुर जिले में 101, झाबुआ में 92, बड़वानी में 112, खरगोन में 260, देवास में 10 से ज्यादा घरों में रोशन पहुंचाई गई है।



संपादकीय

## स्वच्छ ईंधन की चेतावनी, निवेश नहीं बढ़ा तो जलवायु संकट और गहराएगा

जलवायु संकट के बीच स्वच्छ ईंधन की जरूरत बढ़ी है, लेकिन निवेश और क्रियान्वयन बेहद धीमा है। विश्व आर्थिक मंच की रिपोर्ट भविष्य के गंभीर खतरे की ओर इशारा करती है। जीवाश्म ईंधन के अंधाधुंध इस्तेमाल से बढ़ते जलवायु संकट के बीच पूरी दुनिया में स्वच्छ ईंधन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। मगर इस दिशा में प्रयास बहुत कम हो रहे हैं। स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की गति बेहद धीमी है, जबकि जीवाश्म ईंधन पर अब भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता तो है, लेकिन इससे निपटने के उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो पा रहा है। विश्व आर्थिक मंच की ओर से हाल में जारी एक रपट में भी इसका उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ ईंधन से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना बढ़ा कर सालाना सौ अरब डालर करने की आवश्यकता है। जाहिर है कि अगर इस तरह की चेतावनियों और सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि दुनिया भर में इस समय स्वच्छ ईंधन पर सालाना करीब पच्चीस अरब डालर ही निवेश हो रहा है। दरअसल, स्वच्छ ईंधन को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन इससे संबंधित योजनाओं की लागत अधिक होने से कई देश पीछे हट जाते हैं। वहीं सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे विकसित देश खुद इसमें कटौती करने के बजाय छोटे और विकासशील देश पर नाहक दबाव बनाते रहे हैं। ऐसे में स्वच्छ ईंधन को साझा प्रयासों से प्रोत्साहित करने का वैश्विक लक्ष्य कहीं पीछे छूट जाता है। इसमें दो-राय नहीं कि जलवायु संकट से निपटने की दिशा में स्वच्छ ईंधन अहम भूमिका निभा सकता है। इसके इस्तेमाल से उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में बढ़ते उत्सर्जन को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। लिहाजा स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने के लिए न केवल भरोसेमंद और निवेश-योग्य परियोजनाएं बनानी होंगी, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करना होगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट से बचने के लिए स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा ही बेहतर विकल्प है।

# गूगल में नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख की ठगी

**पंजाब के जालसाज ने भाइयों को भेजा फर्जी जॉइनिंग लेटर, केस दर्ज**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

छोटा बांगड़दा क्षेत्र में रहने वाले दो सगे भाइयों के साथ आईटी दिग्गज 'गूगल' में उच्च पदों पर नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 15.15 लाख रुपये की धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जालसाजों ने बाकायदा फर्जी इंटरव्यू लेटर, जॉइनिंग लेटर और कंपनी एग्रीमेंट तक तैयार कर पीड़ितों को भेजे थे। इंदौर क्राइम ब्रांच ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पटियाला पंजाब निवासी मुख्य आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्मृति नगर निवासी फरियादी आयुष कुमरावत ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में उसका संपर्क ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए पंजाब के ऋषभ कुमार से हुआ था। ऋषभ ने पहले आयुष से वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन बनवाए और समय पर भुगतान कर उसका भरोसा जीत लिया। इसके बाद ऋषभ ने दावा किया कि वह गूगल कंपनी के एंटीवायरस विभाग में सीनियर जोनल हेड अमितोष भट्टाचार्य के अंडर काम करता है। उसने आयुष को डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर और उसके भाई पीयूष को हंगरी (यूरोप) में सीनियर एग्जीक्यूटिव के पद पर नौकरी लगवाने का लालच दिया।

### किस्तों में वसूली बड़ी रकम

जालसाजों ने ठगी का जाल बेहद शातिर तरीके से बुना। 2022 से 2023 के बीच आरोपियों ने प्रोसेसिंग फीस, बैकग्राउंड वेरिफिकेशन, इंग्लिश सर्टिफिकेशन, मेडिकल फिटनेस, जॉइनिंग बॉन्ड और एम्बेसी फीस जैसे अलग-अलग बहाने बनाकर आयुष और पीयूष से किस्तों में कुल 15,15,221 रुपये वसूल लिए। ठगों ने विश्वास दिलाने के लिए गूगल हैंगआउट पर बातचीत की और बकायदा 'अमितोष भट्टाचार्य' के हस्ताक्षर वाले फर्जी एग्रीमेंट और जॉइनिंग लेटर ईमेल पर भेजे।

### रिफंड के नाम पर टालमटोल

जब तय समय सीमा बीतने के बाद भी इंटरव्यू नहीं हुआ और जॉइनिंग की तारीखें आगे बढ़ती रहीं, तो पीड़ितों को शंका हुई। दबाव बनाने पर आरोपियों ने रिफंड का झांसा दिया और मार्च 2024 तक पैसे लौटाने का वादा किया। तय समय बीतने के बाद जब आरोपियों ने फोन उठाना बंद कर दिया, तब आयुष ने पुलिस अफसरों को शिकायत दर्ज कराई जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने दस्तावेजों और बैंक स्टेटमेंट की जांच के बाद ऋषभ कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

## आर्मी ऑफिसर बनकर कंपनी को लगाया 4 लाख का चूना

### गेबियन बॉक्स खरीदी के नाम पर धोखाधड़ी

**इंदौर।** तुकोगंज थाना क्षेत्र में जालसाजों ने एक कंपनी के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है। ठगों ने खुद को महू केंट आर्मी ऑफिस का अधिकारी बताकर सामान का बड़ा ऑर्डर दिया और फिर सिक्योरिटी डिपॉजिट के नाम पर कंपनी से 4 लाख रुपये से अधिक की राशि ऐंठ ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, नरीमन सिटी छोटा बांगड़दा निवासी विशाल रघुवंशी ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है। विशाल की कंपनी का साउथ तुकोगंज स्थित ट्रेड सेंटर में ऑफिस है। घटना 6 दिसंबर की है, जब कंपनी के सेल्समैन तरुण भदोरिया के पास दो अलग-अलग नंबरों से फोन आए। कॉलर ने खुद को सेना का अधिकारी बताते हुए 'गेबियन बॉक्स' खरीदने की इच्छा जताई। आरोपियों ने करीब 8,29,894 रुपये के सामान का ऑर्डर बुक करवाया। जालसाजों ने विश्वास जीतने के लिए इसे सरकारी कार्य बताया और प्रक्रिया के नाम पर कंपनी से ही 'सिक्योरिटी डिपॉजिट' के रूप में 4,14,942 रुपये एक बैंक खाते में जमा करवा लिए। जब कंपनी ने सामान तैयार कर गाड़ी लोड करने के लिए आरोपियों से संपर्क करने की कोशिश की, तो उनके दोनों मोबाइल नंबर बंद आने लगे। काफी तलाश के बाद जब कोई संपर्क नहीं हुआ, तब कंपनी को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। पुलिस अब उन बैंक खातों और मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है जिनके जरिए इस ठगी को अंजाम दिया गया है।

## प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी का झांसा देकर युवक को बनाया ठगी का शिकार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

क्षिप्रा थाना क्षेत्र में रोजगार के नाम पर धोखाधड़ी का एक नया मामला सामने आया है। शातिर जालसाजों ने एक युवक को बड़ी और प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी दिलाने का लालच देकर उससे करीब 1.40 लाख रुपये ऐंठ लिए। ठगी का शिकार होने के बाद जब युवक को न तो नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस आए, तब उसने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज कर लिया है। क्षिप्रा पुलिस के मुताबिक, रामेश्वरधाम कॉलोनी के निवासी प्रतीक बोडाना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि यह घटना 19 दिसंबर 2025 को शुरू हुई थी। प्रतीक के मुताबिक, आरोपी सीता कुमार और अदिति ने उससे ऑनलाइन माध्यम से संपर्क किया था। उन्होंने खुद को जॉब कंसल्टेंट या कंपनी प्रतिनिधि बताते हुए उसे एक नामी कंपनी में अच्छे पद और वेतन पर काम दिलाने का प्रलोभन दिया। आरोपियों ने फाइल चार्ज, सिक्योरिटी डिपॉजिट और अन्य औपचारिकताओं के नाम पर अलग-अलग किस्तों में कुल 1.40 लाख रुपये अपने खातों में ट्रांसफर करवा लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब प्रतीक को जॉइनिंग लेटर नहीं मिला और आरोपियों ने उसके फोन उठाने बंद कर दिए, तब उसे ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में केस दर्ज किया है और अब तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## शराब से भरी कार छोड़कर भागा चालक सवा दो लाख की अंग्रेजी शराब जब्त

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

**राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गड़बड़ी पुलिया के पास घेराबंदी कर अंग्रेजी शराब की पेटियों से भरी एक कार को जब्त किया है। हालांकि, पुलिस को देखकर आरोपी चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने शराब और वाहन को अपने कब्जे में लेकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।**

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार के जरिए भारी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी की जा रही है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने गड़बड़ी पुलिया के पास घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध कार नजर आई। पुलिस को पास आता देख कार चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन तकनीकी खराबी या वाहन के चलने की स्थिति में न होने के कारण वह कार को बीच रास्ते में ही छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। जब पुलिस टीम ने लावारिस हालत में मिली कार की तलाशी ली, तो उसमें से कुल 7 बड़े कार्टन मिले, जिनमें 18 पेटियां महंगी अंग्रेजी शराब भरी हुई थी। बरामद की गई शराब की कुल अनुमानित कीमत करीब 2,31,456 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर उसके मालिक और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और यह पता लगाया जाएगा कि शराब की इतनी बड़ी खेप कहां से लाई गई थी और इसे शहर के किस हिस्से में खपाने की तैयारी थी।

## चालान की फर्जी लिंक खोलते ही बैंक खाता हुआ साफ

### एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस कर्मी के 2.92 लाख उड़ाए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।

शहर में सायबर अपराधियों ने ठगी का एक नया और खतरनाक तरीका अपनाया है। अब बदमाशों ने वाहन चालान के नाम पर लोगों को शिकार बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला तुकोगंज थाना क्षेत्र का है, जहाँ एक निजी कंपनी के कर्मचारी के मोबाइल पर ट्रैफिक चालान की फर्जी लिंक भेजकर शातिर ठगों ने उनके खाते से महज कुछ ही सेकंड में 2 लाख 92 हजार रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच सायबर डेस्क को सौंप दी है। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक, घटना खजराना क्षेत्र की विष्णु लक्ष्मी विहार कॉलोनी निवासी 57 वर्षीय नितिन जैन के साथ हुई। नितिन हाईकोर्ट के समीप स्थित एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के कार्यालय में कार्यरत हैं। 9 दिसंबर 2025 को जब वे ऑफिस में थे, तब उनके मोबाइल पर एक 'एपीके लिंक' आई, जिसके साथ वाहन चालान जमा करने का मैसेज लिखा था। नितिन को अपनी गाड़ी के किसी पुराने चालान का संदेह हुआ और उन्होंने वास्तविकता जानने के लिए जैसे ही उस लिंक पर क्लिक किया, उनका फोन हैक हो गया।

लिंक खोलते ही नितिन के पास बैंक से पैसे कटने के दो मैसेज आए। पहले झटके में उनके खाते से 2 लाख रुपये निकले और उसके तुरंत बाद 92 हजार रुपये और काट लिए गए। इस तरह पलक झपकते ही उनके खाते से कुल 2 लाख 92 हजार रुपये गायब हो गए। पीड़ित ने तुरंत सायबर सेल और संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# मायके वालों से बात की तो पति ने घर से निकालकर पीटा

**इंदौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में घरेलू हिंसा का एक निंदनीय मामला सामने आया है। यहाँ एक पति ने अपनी पत्नी के मायके वालों से बातचीत करने पर आपत्ति जताते हुए न केवल विवाद किया, बल्कि उसे घर से बाहर निकालकर बेरहमी से पीट दिया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, घटना श्री लक्ष्मी नगर छोटा बागड़दा रोड की है। यहाँ रहने वाली 28 वर्षीय मानसी कतौरे ने पुलिस को बताया कि कल शाम करीब 4:30 बजे जब वह अपने घर पर थी, तभी उनके पति गुलशन कतौरे ने विवाद शुरू कर दिया। विवाद की वजह मानसी का अपने मायके वालों से फोन पर बात करना था। गुस्साए गुलशन ने मानसी को धक्का देकर घर से बाहर निकाल दिया और सार्वजनिक रूप से गालियां देना शुरू कर दिया।जब फरियादी ने गालियों का विरोध किया, तो आरोपी पति ने आपा खो दिया और उस पर लात-घूंसों के साथ लकड़ी से हमला कर दिया। इस मारपीट में महिला को शरीर पर कई जगह चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग भी जमा हो गए थे, जिनके सामने ही आरोपी ने अभद्र व्यवहार किया। घटना के बाद पीड़ित महिला ने हिम्मत जुटाई और थाने पहुँचकर आपबीती सुनाई।

# ब्यूटी पार्लर में महिला के जेवरात चोरी

## फेशियल कराने के दौरान पर्स से गायब हुए मंगलसूत्र और झाले, संचालिकाओं पर शंका

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र स्थित नंदा नगर में एक ब्यूटी पार्लर में चोरी की अजीबोगरीब वारदात सामने आई है। यहाँ फेशियल कराने पहुँची एक बुजुर्ग महिला के पर्स से सोने के कीमती जेवरात और नकदी गायब हो गए। महिला ने ब्यूटी पार्लर चलाने वाली दो महिलाओं पर चोरी की शंका जाहिर करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक, फोनेक्स टाउनशिप की गणेश वाटिका निवासी 60 वर्षीय कौशल्या पति बहादुर सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी महिला ने बताया कि वह नंदा नगर रोड नंबर 10 स्थित 'नव्या ब्यूटी पार्लर' पर फेशियल कराने गई थीं। फेशियल शुरू होने से पहले उन्होंने अपनी सुरक्षा के लिहाज से पहने हुए सोने के जेवरात जिनमें एक मंगलसूत्र, कान के झाले और कान का कांटा शामिल था उतारकर अपने छोटे बटुए (पर्स) में रख दिए थे। फेशियल की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब कौशल्या ने अपना सामान संभाला, तो उनके होश उड़ गए। पर्स में रखे करीब 27 ग्राम वजनी सोने के जेवरात और 10 हजार रुपये नकद गायब थे। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 2 लाख 10 हजार रुपये बताई जा रही है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उन्हें पार्लर संचालिका उर्मिला जायसवाल और निधि जायसवाल पर संदेह है कि उनके फेशियल के दौरान ही इन दोनों ने मिलकर बटुआ पार कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और पार्लर में मौजूद सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्यों के जरिए सच्चाई का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

# चारभुजानाथ के लिए निकला श्रद्धालुओं के वाहनों का जत्था



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** चारभुजानाथ पैदल यात्री संघ से जुड़े तरुण व्यास संतोष हीरालाल जोशी संटू ने बताया कि आज सुबह बड़ा गणपति मंदिर से पूजा के बाद चारभुजानाथ की दो दिवसीय प्रभु दर्शन यात्रा के लिए वाहनों से श्रद्धालुओं का काफिला रवाना किया गया। 50 से अधिक श्रद्धालु चारभुजानाथ भगवान के अलावा भी अन्य मंदिर के दर्शन करेंगे और यह दल इंदौर से उज्जैन महाकाल बाबा के अलावा पशुपतिनाथ मंदसौर और फिर भादवा माताजी, आवरी माताजी, साँवरिया जी मंडफिया, श्रीनाथजी नाथद्वारा, एकलिंगनाथ महादेव कैलाशपुरी, श्री चारभुजा गढ़बोर, रोकडिया हनुमान, लक्ष्मण झूला, रूपनारायण जी सेवंत्री, सूरजकुण्ड भी पहुंचेंगे। भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा।

# खेलो एमपी यूथ गेम्स की टार्च रैली निकली

**इन्दौर।** मप्र शासन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संपूर्ण प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन 28 खेलों में जूनियर आयु वर्ग में खेलों की लोकप्रियता व संबंधित खेल में प्रतिवर्ष होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को दृष्टिगत रखते हुए विकासखंड, जिला एव राज्य स्तर अथवा विकासखंड, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर अथवा सीधे राज्य स्तर पर 12 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जिलों में टार्च रैली का भ्रमण कराया जा रहा है। उक्त खेलो एमपी यूथ गेम्स आयोजन के क्रम में इंदौर जिले में शुक्रवार को टार्च रैली का आयोजन सन्मति हायर सेकेण्डरी स्कूल रेसीडेंसी एरिया इंदौर से निकाली गई। जिसमें ओम सोनी उपाध्यक्ष म.प्र. ओलम्पिक संघ, निलेश वेद सचिव इंदौर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन, गौरव पटेल सचिव, चंद्रकांत शर्मा प्राचार्य सन्मति हा.से. स्कूल, जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी रीना चौहान एवं



# कांग्रेस नेताओं ने किया संत का सम्मान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कांग्रेस नेता सुनील यादव, संजय अरोरा, राकेश अरोरा गजासीन शनि मंदिर उषानगर पहुंचे और वहां संत दादू महाराज के अवतरण दिवस पर उनका सम्मान भी किया। शनिदेव के दर्शन कर आशीर्वाद भी लिए।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा में कल आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट।**

सुभाष नगर परदेशीपुरा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा सुभाष नगर परदेशीपुरा स्थित पीस पैलेस में कल 18 जनवरी, रविवार को प्रातः11 बजे संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के पुण्य स्मृति दिवस को विश्व शांति दिवस के रूप में श्रद्धा, साधना एवं शांति संदेश के साथ मनाया जाएगा। सेवा केन्द्र की संचालिका ममता दीदी ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः अमृत वेला से ही हो जाएगी। अमृत वेला में विशेष तपस्या, राजयोग मेडिटेशन एवं मौन साधना का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारी बहनें, भाई एवं नगर के शांति प्रेमी नागरिक भाग लेंगे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर

**सेन्ट्रल स्टोर्स विभाग**

**निविदा विज्ञप्ति**

निविदा क्रमांक: स्टोर्स/23/2025-26 — दिनांक: 15.01.2026

नगर पालिक निगम, इन्दौर को लगने वाली निम्न सामग्री क्रय करने हेतु ऑनलाइन निविदा आयटम रेट पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

| अ. क्र. | ऑनलाइन टेंडर क्रमांक | सामग्री का विवरण | 1) निविदा प्रपत्र की कीमत (₹) 2) अर्नेस्ट मनी की रकम (₹) | ऑनलाइन निविदा फॉर्म क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक एवं समय | ऑनलाइन तकनीकी निविदा ओपन करने की दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_475953_1 | अग्निशमन कार्य हेतु फोम (Aqueous Film Forming Foam 6%) | 1) ₹12,500/- 2) ₹61,000/- | 17/02/2026 को शाम 6.00 बजे तक | 19/02/2026 को सुबह 11.30 बजे पश्चात |

नोट: 1. निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर देखी एवं क्रय की जा सकती है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर सीधे ऑनलाइन प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त
सेन्ट्रल स्टोर्स विभाग, नगर पालिक निगम, इन्दौर

## इन्दौर नगर पालिक निगम
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती धनुबाई पति प्रकाश** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर खसरा नम्बर 525/3/5/3/6 पैकी प्रायवेट भाग क्र. बी-2 (प्रायवेट नं. बी-2/3) सिरपुर इन्दौर पिन नं. 1004338911 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## इन्दौर नगर पालिक निगम
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती रुपाली सोनी पति विशाल सोनी** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान खसरा नम्बर 525/3 पैकी प्रायवेट भाग बी-2 पैकी भाग (प्रायवेट नं. बी-2/2) सिरपुर इन्दौर पिन नं. 1004338911 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## इन्दौर नगर पालिक निगम
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती बिन्दू यादव पति सुभाष यादव** द्वारा झोन 14 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर मकान खसरा नम्बर 525/3/5/3 पैकी प्रायवेट भाग क्र. बी-2 पैकी भाग प्रायवेट नं. बी-2/9 सिरपुर इन्दौर पिन नं. 1004335911 क़ा भाग सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.14 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**राजेन्द्र धारकर झोन-14**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री अनिल कुमार गुप्ता पिता श्री बालकृष्ण गुप्ता** वार्ड नं. 79 पता 72 बी भवानीपुर कालोनी इन्दौर द्वारा झोन क्र 21 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001197707 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.21 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं.21**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

## इन्दौर नगर पालिक निगम

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रुचि मालू पति विपुल मालू** पता 15/2/1/1 रेसकोर्स रोड, डॉ. रोशनसिंह भंडारी मार्ग 203 दर्शन मॉल इन्दौर झोन क्र. 09 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1001066531 पर आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.09 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 09**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

# शहर में क्रिकेट का रोमांच चरम पर, सीरीज का फैसला होलकर की पिच पर

## तीसरा वनडे कल, जो जीतेगा ट्रॉफी लेकर जाएगा, भारतीय टीम में हो सकते है बदलाव, आज दोनों टीमें करेंगी अभ्यास

**इन्दौर।** न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार वापसी की और 7 विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया। अब दोनों टीमों के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मैच कल होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा।

तीसरे वनडे मैच में भारत के पास सीरीज जीतने का मौका होगा, लेकिन इसके लिए भारतीय टीम को काफी संभलकर खेलने की जरूरत होगी क्योंकि दूसरे वनडे में कीवी टीम ने शानदार क्रिकेट खेली थी और भारत को हर डिपार्टमेंट में मात दी थी। दूसरे वनडे में भारत ने अच्छी बैटिंग नहीं की (केएल राहुल को छोड़कर) साथ ही भारत ने पहले हाफ में अच्छी गेंदबाजी की,लेकिन फिर भारत की गेंदबाजी लड़खड़ा गई।

होल्कर स्टेडियम के पिच की बात करें तो ये आमतौर पर बहुत सपाट होती है और गेंद, बल्ले पर काफी अच्छी तरीके से आती है जिससे रन बनाना आसान हो जाता है। इसकी वजह से यहां पर काफी बड़े स्कोर बनते हैं। यही नहीं इस मैदान की बाउंड्री काफी छोटी है और आउट फील्ड काफी तेज है जिसका मतलब है कि गेंद गैप में गई तो उसे फील्डर्स के लिए रोकना मुश्किल होता है। पिच पर शुरुआत में नमी की वजह से तेज गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिल सकती है, लेकिन बाद में इनके लिए भी रन रोकना मुश्किल होता है तो वहीं स्पिनर्स को बीच के ओवर्स में टर्न मिल सकती है, लेकिन छोटी बाउंड्री के कारण उनके खिलाफ भी बड़े शॉट्स लगने का डर बना रहता है।

इंदौर में रन खूब बनते हैं और इसके लिए भारत को एक शानदार बैटिंग लाइनअप के साथ मैदान पर उतरना होगा जिसमें और ज्यादा गहराई हो। यानी अगर नितीश कुमार रेड्डी की जगह निचले क्रम में इनफॉर्म ध्रुव जुरेल को मौका दिया जाए तो ये सही फैसला साबित हो सकता है। इस बदलाव से भारतीय बैटिंग लाइनअप और मजबूत हो जाएगी वहीं प्रसिद्ध कृष्णा की जगह अर्शदीप सिंह को आजमाया जा सकता है हालांकि ऐसा हो ये जरूरी नहीं है। भारत के लिए पारी की शुरुआत रोहित शर्मा और शुभमन गिल ही करेंगे जबकि टीम में अन्य किसी बदलाव की कोई संभावना नजर नहीं आती।

# एक झलक पाने के लिए स्टेडियम से लेकर होटल तक जमे रहे क्रिकेट प्रेमी



**इंदौर।** इंदौर में क्रिकेट सितारों का क्रेज चरम पर है। होटल रैडिसन ब्लू में ठहरी टीम इंडिया, विराट-रोहित की एक झलक के लिए भीड़ सुबह से रात तक डटी हुई है। वहीं होलकर स्टेडियम के बाहर भी क्रिकेट प्रेमी कल अभ्यास देखने के लिए पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लगी, क्योंकि भारतीय टीम ने कल आराम किया। कोई भी खिलाड़ी अभ्यास के लिए नहीं पहुंचा।

कल होलकर स्टेडियम में मैच है और खिलाड़ी गुरुवार दोपहर में शहर आ गए थे। तभी से एयरपोर्ट से लेकर होटल तक क्रिकेटप्रेमियों का हूजुम देखने को मिल र हा है। शहर में क्रिकेट का जुनून एक बार फिर सिर चढ़कर बोल रहा है। शहर के होटल रेडिसन ब्लू में भारतीय क्रिकेट टीम के ठहरने की खबर मिलते ही फैंस की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। होटल के बाहर सुबह से ही क्रिकेट प्रेमियों का जमावड़ा देखने को मिला, जो अपने चहेते सितारों की बस एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आए।

खास तौर पर विराट कोहली और रोहित शर्मा को देखने का उत्साह चरम पर है। फैंस हाथों में पोस्टर, मोबाइल कैमरे और टीम इंडिया की जर्सी पहने होटल के बाहर डटे रहे। कोहली-कोहली और रोहित-रोहित के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। सोशल मीडिया पर इंदौर से जुड़े वीडियो और तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जो यह साफ दिखाती हैं कि क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, बल्कि यहां एक जुनून है। भारतीय स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव और यशस्वी जायसवाल दोपहर में होटल के बाहर निकले। कुलदीप यादव अकेले ही एक पर्सनल कार में बैठकर निकले, तो उन्हें प्रशंसकों ने घेर लिया। उन्होंने भी प्रशंसकों को निराश नहीं किया और उनके साथ फोटो खिचवाएं और हाथ भी मिला। इसके बाद युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी होटल के बाहर निकले और कार में बैठकर अपने किसी रिश्तेदार के यहां पहुंचे।

# प्रज्जवल की घातक गेंदबाजी से खरगोन जिला चैम्पियपन




**इंदौर।** आईडीसीए द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर क्रिकेट स्पर्धा जो कि इंदौर में ही खेली जा रही के अंतर्गत यशवंत क्लब पर खरगोन जिला एवं बडवानी जिले के मध्य आज दो दिवसीय फायनल मुकाजला खेला गया जिसमें बडवानी जिले ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 27 ओवरो में सभी विकेट खोकर 104 रन बनाये । जयंत गुर्जर ने सर्वाधिक 28 रन बनाये। प्रज्जवल जोशी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं आयुष शर्मा ने 3 विकेट लिये । जवाब में खरगाने जिले ने अपनी पहली पारी में 40 ओवरो में सभी विकेट खोकर 126 रन बनाकर 22 रनों की बढत प्राप्त की । हर्ष सराफ ने 35 रन बनाये। जयंत गुर्जर ने एवं प्रखर काग ने 5-5 विकेट लिये । बडवानी जिले ने अपनी दूसरी पारी में 32 ओवरो में सभी विकेट खोकर 144 रन बनाकर खरगोन के समक्ष 122 रनों का विजयी लक्ष्य रखा। विपिन सोलंकी ने 36 रन बनाये। प्रज्जवल जोशी ने दूसरी पारी में भी घातक गेदंबाजी करते हुए 6 विकेट लिये इस तरह इस मैच में अपने 11 विकेट पूरे किये, साहिल शेख ने 4 विकेट लिये । विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए खरगोन जिले ने 22 ओवरो में 7 विकेट खोकर 126 रन बनाकर यह मैच 4 विकेट से जीतकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। प्रज्जवल जोशी ने 34 रन बनाये। प्रखर व जयंत ने 2-2 विकेट लिये । स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाडी प्रखर काग, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हर्ष सराफ, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जयंत गुर्जर एवं फायनल के मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रज्जवल जोशी को मिला । स्पर्धा के फायनल मुकाबले क पुरस्कर वितरण के मुख्य अतिथि आईडीसीए के चेयरमेन संजय लुणावत विशेष अतिथि आईडीसीए के सहसचिव संदीप चौधरी थे । कार्यक्रम का संचालन एवं आभार आईडीसीए के ही सुधीर रसाल ने माना।

## खेलों एम पी यूथ कुश्ती प्रतियोगिता आज

**इंदौर।** मध्यप्रदेश कुश्तीसंघ के विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि खेलो एम पी जूनियर वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता आज होगी, जिसमें प्रतियोगी को अपने साथ पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, मूलनिवासी, मार्कशीट साथ में अवश्य लाये,भाग लेने वाले पहलवान कोच केजेश यादव से संपर्क करे।

## प्रद्युम्न सिंह-करिश्मा राष्ट्रीय कैनो स्लालम प्रतियोगिता में स्वर्ण

**इंदौर।** प्रद्युम्न सिंह - करिश्मा नेशनल गेम्स के बाद राष्ट्रीय कैनो स्लालम प्रतियोगिता में भी स्वर्ण महेश्वर सहस्त्रधारा में दिनांक 11 से 15 जनवरी 2025 तक 12वीं नेशनल कैनो स्लालम जूनियर, 13वीं नेशनल कैनो स्लालम सीनियर एवं 3री नेशनल कायक क्रॉस चैंपियनशिप 2025-26 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में एमपी टीम की और से खेलते हुए इंदौर जिला कयाकिंग कैनोइंग एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया। इंदौर के प्रद्युम्न सिंह राठौर जो कि वर्ल्ड रैंकिंग पर 242 होकर ने खेलो इंडिया स्वर्ण, नेशनल गेम्स में स्वर्ण के बाद कायक क्रॉस इवेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उन्हें आगामी एशियन गेम्स हेतु नेशनल ट्रेनिंग कैंप के लिए चयनित किया गया है, जो प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। करिश्मा दीवान ने भी नेशनल गेम्स स्वर्ण पदक विजेता होकर एक बार फिर स्वर्ण का अपना सफ़र जारी रखते हुए -1 कैनो स्लालम इवेंट में भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

## न्यूज इन बॉक्स

### राज्य रैंक प्राप्त टेनिस खिलाड़ियों का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** म.प्र. टेनिस संघ द्वारा राज्य स्तरीय रैंक प्राप्त खिलाड़ियों को रेसीडेन्सी क्लब में हुए समारोह में सम्मानित किया गया। ग्वालियर, इन्दौर, भोपाल में हुए राज्य स्तरीय टेनिस टूर्नामेंट में प्राप्त अंको के आधार पर रैंकिंग दी गई। इनमें अमन भावसार, गणेशी आन्या, मोहम्मद आसिम, आराध्य मिश्रा, वियान अग्रवाल, वैदेही शिंदे, आन्या राठी शामिल है।

### कल से खेलों एमपी यूथ गेम्स पिट्टू प्रतियोगिता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित खेलों एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत पारंपरिक खेल पिट्टू की इंदौर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 18 जनवरी को राऊ स्थित एमराल्ड स्कूल में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में इंदौर ब्लॉक के 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 19 जनवरी को एमराल्ड में ही आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी 21 जनवरी को आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे। संभाग स्तर पर चयनित खिलाड़ी 28 से 31 जनवरी तक ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में इंदौर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सिविल सर्विसेज चयन शतरंज प्रतियोगिता कल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज चयन शतरंज प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला) 2025–26 का आयोजन कल रविवार, 18 जनवरी को इंदौर पब्लिक स्कूल (मुख्य परिसर), एबी रोड, में किया जाएगा। प्रतियोगिता के माध्यम से अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज शतरंज प्रतियोगिता 2025–26 हेतु मध्यप्रदेश की टीम का चयन किया जाएगा। चयनित टीम में चार पुरुष खिलाड़ी, चार महिला खिलाड़ी, एक कोच एवं एक मैनेजर शामिल होंगे। कल सुबह 10 बजे उदघाटन के बाद पहला चक्र 10.30 बजे शुरू होगा जो शाम 6 बजे तक चलेगा। इसमें सात चक्र की सम्भावना है। अक्षत खम्पारिया, अनिल फतेहचंदानी, रीना चौहान, प्रो. सुनील सोमानी, विवेक विश्वकर्मा सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

# तीन टू व्हीलर्स को टक्कर मार दुकान में जा घुसी कार





## दुकान मालिक बोला– ऐसा लगा जैसे भूकंप आया है, कार सवार भाग निकले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।





मध्यक्षेत्र के मालगंज पर आज तड़के एक अनियंत्रित कार दोपहिया वाहनों को टक्कर मारते हुए दुकान में जा घुसी। वाहनों और दुकान की हालत देखकर कार की गति का अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह कितनी तेज गति से घुसी है। कार दुकान में घुसने के बाद सड़क पर पलट गई। उसमें सवार चालक और उसका साथी भाग निकले।

मिली जानकारी के अनुसार घटना इतवारिया बाजार से मालगंज जाने वाले मार्ग पर सुबह करीब 3:45 बजे हुई। कार क्रमांक एमपी 04 सीएच 4410 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े तीन दोपहिया वाहन को टक्कर मारकर पतंजलि आयुर्वेदिक औषधि की दुकान में जा घुसी। दुकान मालिक शैलेंद्र दीघे ने बताया कि दुकान छोटे भाई देव दीघे की है। दीघे परिवार दुकान के ऊपर ही रहता है। उन्होंने बताया कि अलसुबह हादसे के दौरान जोरदार धमाके की आवाज आई। नींद में परिवारजन समझ ही नहीं पाए कि क्या हुआ है, कार के टायर फूटने की आवाज आई तो ऐसा लगा मानो भूकंप की कंपन हुई है। इसके बाद जब परिजनों ने खिड़की से बाहर देखा तो एक कार सड़क पर पलटी हुई थी और उसमें से दो लोग निकलने की मशक्कत कर रहे थे। जब तक परिवारजन कार के समीप पहुंचे वे कार सवार भाग निकले, जिसके बाद मल्हारगंज पुलिस को दुर्घटना की सूचना दी गई। जब एक घंटे तक पुलिस नहीं पहुंची तो दुकान मालिक दीघे खुद ही थाना जानकारी देने पहुंच गए। कार की गति का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां खड़े तीन दोपहिया वाहनों में से दो को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और दुकान का शटर भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुकान के अंदर बना काउंटर 5 फीट अंदर तक जा घुसा। बताया जा रहा है कि कार भोपाल पासिंग है। पुलिस ने कार के अंदर रखे बीमा और अन्य दस्तावेज भी जब्त कर कार को भी थाना क्रैन के माध्यम से ले जाकर खड़ा कर दिया। दुकान के बाहर तीन सीढ़ियां बनी हुई थी कार उन्हें भी क्षतिग्रस्त करते हुए घुसी है। कार के एयर बैलून खुलने से उसमें सवार युवकों की जान बच गई।

# महिला बैंक कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

## 2 दिन तक कमरे में लटका रहा शव, बैंक के काम के दबाव में डिप्रेशन की आशंका

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तिलक नगर थाना क्षेत्र में आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत एक युवती ने अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी।हृदयविदारक बात यह रही कि युवती का शव दो दिनों तक फंदे पर लटका रहा और पड़ोसियों तक को इसकी भनक नहीं लगी। जब कमरे से दुर्गंध आने लगी और रिश्तेदारों ने दरवाजा खोला, तब मामले का खुलासा हुआ। मृतका की पहचान 23 वर्षीय उमंग पिता मालती प्रजापति के रूप में हुई है। वह मूल रूप से भोपाल की रहने वाली थी और पिछले दो वर्षों से इंदौर के गणेश नगर में किराए से रहकर बैंक में नौकरी कर रही थी। युवती पिछले कुछ दिनों से परिजनों का फोन रिसीव नहीं कर रही थी, जिससे वे चिंतित थे। जब भोपाल से माता-पिता ने इंदौर में रहने वाले एक रिश्तेदार को घर भेजा, तो वहां दूसरी मंजिल के कमरे से तेज बदबू आ रही थी। दरवाजा खोलने पर युवती का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही तिलक नगर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुँची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, युवती बैंक के काम को लेकर काफी समय से मानसिक दबाव और तनाव में थी। आशंका जताई जा रही है कि इसी काम के दबाव और डिप्रेशन के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। मृतका के पिता भोपाल में एक निजी कंपनी में सुपरवाइजर हैं।

# देवर ने बाल पकड़कर पीटा, देवरानी ने मासूम बच्ची को दिया धक्का

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खजराना थाना क्षेत्र स्थित रामकृष्णबाग कॉलोनी में एक महिला के साथ उसके ही देवर और देवरानी द्वारा बेरहमी से मारपीट और गाली-गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। विवाद की शुरुआत महज गालियां देने से मना करने पर हुई, जो इतनी बढ़ गई कि आरोपियों ने महिला के साथ-साथ उसकी मासूम बच्ची को भी निशाना बनाया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर देवर और देव-रानी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। खजराना पुलिस के मुताबिक, रामकृष्णबाग कॉलोनी की निवासी 37 वर्षीय अंकिता मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका अपने देवर गणेश मालवीय से विवाद हुआ था। अंकिता ने जब गणेश को घर में अपशब्द कहने और गालियां देने से रोका, तो वह आगबबूला हो गया। आरोप है कि गणेश ने अंकिता के बाल पकड़े और उन्हें घसीटते हुए हाथ-मुक्कों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसकी पत्नी यानी पीड़िता की देवरानी मयूरी मालवीय भी वहां पहुँच गई। विवाद के बीच मयूरी ने अंकिता की छोटी बच्ची को भी धक्का मार दिया, जिससे बच्ची सहम गई। जब अंकिता ने अपनी बच्ची को बचाने का प्रयास किया, तो मयूरी ने भी उनके साथ थप्पड़बाजी और मारपीट की। पीड़िता का आरोप है कि हमला करने के बाद जाते-जाते देवर गणेश मालवीय ने उन्हें घर छोड़कर जाने को कहा और धमकी दी कि यदि वह मकान से बाहर नहीं निकली, तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। पुलिस ने अंकिता की शिकायत पर गणेश और मयूरी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## बायपास पर भीषण सड़क हादसा

# ट्रक में पीछे से घुसी तेज रफ्तार लग्जरी कार, युवक की दर्दनाक मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**लसूडिया थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। इंदौर-देवास बायपास पर शेरेटन होटल के समीप एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।**



पुलिस के मुताबिक कार एमपी-09 झेडएम 4545 की रफ्तार काफी तेज थी। टक्कर के दौरान कार के सुरक्षा एयरबैग तो खुले, लेकिन प्रभाव इतना जबरदस्त था कि वे भी चालक की जान नहीं बचा सके। हादसे में मृतक का सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक के पास से विक्रम पिता परमजीत राणा, नि-वासी संपत हिल का पहचान पत्र मिला है।घटना की सूचना मिलते ही लसूडिया पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और शव को एम्बुलेंस के जरिए अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना के कारण बायपास पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हुआ, जिसे क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से हटाकर सुचारू किया गया।हादसे के समय ट्रक की स्थिति और कार की गति को लेकर पुलिस जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि अंधेरे में तेज रफ्तार के कारण चालक को आगे चल रहे ट्रक की दूरी का अंदाजा नहीं लग पाया होगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

# जन्मदिन का केक काटने के बाद युवक ने की आत्महत्या

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

अन्नपूर्णा क्षेत्र में एक ऐसा वाकया सामने आया है जिसने खुशियों भरे माहौल को चंद घंटों में मातम में बदल दिया। 20 वर्षीय युवक ने अपने जन्मदिन के जश्न के ठीक बाद जहर खाकर जान दे दी। विडंबना देखिए कि जिस कमरे में चंद घंटों पहले जन्मदिन का केक काटा गया था, वहीं इस आत्मघाती कदम के बाद कोहराम मच गया। मृतक की पहचान वंश पिता अनिल (20) निवासी महावर नगर के रूप में हुई।परिजनों ने बताया कि कल वंश का 20वां जन्मदिन था। पूरे परिवार ने उत्साह के साथ घर पर ही उसका जन्मदिन मनाया, केक काटा और खुशियां साझा कीं। उस वक्त किसी को अंदाजा भी नहीं था कि वंश के मन में क्या चल रहा है। जश्न खत्म होने के कुछ ही देर बाद उसने चुपके से जहरीला पदार्थ खा लिया। जब उसकी तबीयत बिगड़ी और वह बेसुध होने लगा, तो परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका।तीन भाइयों में सबसे छोटा होने के कारण वंश पूरे परिवार का लाडला था। उसके पिता केबल ऑपरेटर का काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पूछताछ के दौरान परिजनों ने एक चौंकाने वाली बात यह भी बताई कि वंश पर अक्सर 'देवी माता' आती थी और वह धार्मिक प्रवृत्ति का था। हालांा-के, पुलिस इस कोण को भी जांच का हिस्सा बना रही है।अन्नपूर्णा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।